दिनांक : 03.07.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने घाना की संसद को किया संबोधित, कहा भारत का लोकतंत्र जितना मजबूत होगा दुनिया को उतना ही सशक्त बनायेगा।
- मुख्यमंत्री कल 94 हजार से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि का करेंगे वितरण।
- कश्मीर के पहलगाम और बालटाल से श्री अमरनाथ यात्रा की हुई शुरूआत।
- प्रदेश में अगले चार दिनों तक तेज बारिश की संभावना, सभी जिलों में बारिश के लिए अलर्ट जारी।

**अब समाचार विस्तार से........**

### प्रधानमंत्री-यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घाना की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद आज त्रिनिदाद और टोबैगो के लिए रवाना हो गये हैं। इसके पहले श्री मोदी ने घाना की राजधानी अकरा में वहां की संसद को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस सम्मानित सदन को संबोधित करते हुए उन्हें बहुत गर्व का अनुभव हो रहा है। श्री मोदी ने कहा कि घाना की यात्रा उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी भूमि है जो लोकतंत्र की भावना को प्रसारित करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रतिनिधि के रूप में, वे अपने साथ 140 करोड भारतीयों की सद्भावना और शुभकामनाएं लेकर आए हैं।

### लैपटॉप वितरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में लैपटॉप वितरित करेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपये की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिये उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे।

### कार्य-योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नगरों में झुग्गी बस्तियों के विस्तार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से, लोगों की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए किफायती और सुविधाजनक आवास सुविधा विकसित करने कार्य-योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नगरीय विकास एवं आवास विभाग की मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में हुई समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा नगरीय क्षेत्र में पर्यावरण की बेहतरी के लिए उद्यानों को विकसित करना और विकास प्राधिकरण, हाउसिंग बोर्ड सहित सभी आवासीय परियोजनाओं में पौध-रोपण को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल के बड़े तालाब के आसपास अवैध निर्माण का सर्वेक्षण करवा कर उन पर कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जाए।

**जनसुनवाई**

प्रदेश की पिछड़े वर्ग की जातियों को केन्द्र की सूची में शामिल करने कल व्हीआईपी स्टेट गेस्ट हाउस लालघाटी भोपाल के सभागार में जनसुनवाई होगी। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर, सदस्य भुवन भूषण कमल जनसुनवाई करेंगे। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमारिया एवं सदस्य सीताराम यादव उपस्थित रहेंगे।

**आंगनवाड़ी कार्यकर्ता**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। विभाग द्वारा 19 जून को जारी विज्ञापन के तहत कुल 19,504 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अब तक 2 लाख 70 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। भर्ती प्रक्रिया में दस संभागों से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए 55,730 और आंगनवाड़ी सहायिका के लिए 2,14,422 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि भरे गए आवेदन में सुधार की अंतिम तिथि 7 जुलाई है।

**अमरनाथ यात्रा**

श्री अमरनाथ जी की 38 दिनों की वार्षिक यात्रा आज सुबह दोनों मार्गों पहलगाम और गांदरबल जिले के बालताल से शुरू हो गई। प्रशासन ने आज तड़के यात्रियों को पवित्र गुफा के लिए दोनों मार्गों से जाने की अनुमति दी। इससे पहले, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कल सुबह जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से श्री अमरनाथ जी की पवित्र गुफा जाने के लिए श्रद्धालुओं के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर श्री अमरनाथ यात्रा के शुभारंभ पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं।

**सिंधिया साक्षात्कार**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि **इंडिया पोस्ट** में बडा तकनीकी बदलाव हो रहा है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष भेंट में श्री सिंधिया ने कहा कि इस संगठन में पहली बार

प्रमुख प्रौद्योगिकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी इंडिया पोस्ट में नवाचार तथा उन्नत तकनीकी उपायों पर काम करेगा।

श्री सिंधिया के साथ पूरा साक्षात्कार आज रात साढ़े नौ बजे आकाशवाणी भोपाल से प्रसारित किया जायेगा।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन तक पूरे प्रदेश में तेज बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने डिण्डोरी, कटनी, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों के लिए आज और कल बारिश का आरेंल अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा सभी जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच कल शहडोल,उमरिया,रतलाम जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। आज सुबह से उमरिया, मउंगज में बारिश हो रही है। मंडला के बिछिया इलाके में बाढ़ के हालात बन गये हैं। वहीं शिवपुरी के कोलारस में कई गॉवों में पानी घरों में आ गया है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने श्योपुर जिले के नागदा स्थित मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान कहा कि इसी सत्र से में नव निर्मित मेडिकल कॉलेज के शुरू कराने के प्रयास किये जायेगे।
- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस कल संपूर्ण प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर मनाया जायेगा। मुख्य आयोजन परिषद के राज्य कार्यालय श्यामला हिल्स भोपाल पर होगा।
- धार जिले में पंचायत उप निर्वाचन के लिए मतदान 22 जुलाई को होगा। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है।
- देवास जिले के युवाओं को निजी संस्थाओ में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए संयुक्त युवा संगम का आयोजन आईटीआई कन्नौद में किया गया। युवा संगम में 10 निजी संस्थाओ ने भाग लेकर 146 आवेदकों का प्राथमिक चयन किया गया है।
- भोपाल में विधायक रामेश्वर शर्मा ने आज सागर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल भोपाल में एडवांस्ड कीमोथेरेपी सेंटर का शुभारंभ किया। यह आधुनिक चिकित्सा सुविधा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को बेहतरीन उपचार, संवेदनशील देखभाल प्रदान करेगी।

- मध्यप्रदेश वन विभाग की स्टेट टाइगर फोर्स ने अंतरराष्ट्रीय बाघ तस्कर ताशी शेरपा को सजा दिलाने की उत्कृष्ट कार्रवाई की है, जिसके लिए इंटरपोल मुख्यालय ल्योन, फ्रांस ने बधाईपत्र प्रेषित कर प्रशंसा की है। स्टेट टाइगर फोर्स की विवेचना एवं न्यायालय में रखे ठोस पक्ष के आधार पर आरोपी शेरपा को पांच वर्ष की सजा सुनाई गई है।

- भोपाल जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी की ओर से गोंड चित्रकला के जनक स्वर्गीय जनगढ़ सिंह श्याम की 24वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में संस्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- प्रधानमंत्री ने घाना की संसद को किया संबोधित, कहा भारत का लोकतंत्र जितना मजबूत होगा दुनिया को उतना ही सशक्त बनायेगा।
- मुख्यमंत्री कल 94 हजार से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप की राशि का करेंगे वितरण।
- कश्मीर के पहलगाम और बालटाल से श्री अमरनाथ यात्रा की हुई शुरूआत।
- प्रदेश में अगले चार दिनों तक तेज बारिश की संभावना, सभी जिलों में बारिश के लिए अलर्ट जारी।